# <u>प्रेस नोट</u>
## <u>थाना साइबर क्राइम, जनपद झाँसी</u>

**<u>दिनांक – 01.09.2026</u>**

- ✓ **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- ✓ **थाना साइबर क्राइम द्वारा साइबर ठगी की <u>कुल 15,000/-</u> धनराशि पीड़ित के खातें में वापस कराई गई।**

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रिया सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम व बचाव हेतु लोगों,बच्चों तथा महिलाओं को जागरुक करने के साथ-साथ लोगों के साथ हुई साइबर ठगी में कार्यवाही करने के क्रम में थाना साइबर क्राइम झाँसी द्वारा आज दिनांक-31.08.2026 को NCRP पोर्टल में ऑनलाइन शिकायत संख्या 23108260157672 के आवेदक- **अभय करन सिंह पुत्र स्व.श्यामलाल निवासी सिद्धेश्वर नगर झाँसी** के साथ हुए साइबर अपराध में गए 15,000/- रुपये में से सम्पूर्ण धनराशि 15,000/- रुपये वापस करायी गई।

आवेदक अभय करन सिंह उपरोक्त द्वारा झाँसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

**<u>बरामद धनराशि-</u> 15,000/- रुपये**

### <u>बरामद कराने वाली टीम का विवरण-</u>

1. प्र.नि. श्री सत्येन्द्र सिंह यादव प्रभारी थाना साइबर क्राइम झाँसी,
2. उ.नि. मो0 आरिफ प्रभारी साइबर सेल झाँसी,
3. का. नरेन्द्र कुशवाहा साइबर सेल जनपद झाँसी।